## खबर संक्षेप

### अवैध शराब रखने वाले को दो वर्ष का सश्रम कारावास

**बुढार।** न्यायाधीश बुढ़ार की अदालत ने अवैध शराब रखने के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए दो वर्ष का सश्रम कारावास और एक हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया है। यह मामला अमरकंटक थाना क्षेत्र का है।

**अपर लोक अभियोजक** आलोक राय ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अमरकंटक निवासी रवि कुमार उर्फ़ रवि कुमार दाहा अवैध शराब रख रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश दी और आरोपी से अवैध शराब बरामद की। इसके बाद आरोपी के विरुद्ध धारा 25(ए) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने पूरी विवेचना कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों और साक्ष्यों को न्यायालय में पेश किया। परीक्षण उपरांत अदालत ने आरोपी को दोषी पाया। अदालत ने आरोपी के कृत्य को गंभीर मानते हुए उसे दो वर्ष का सश्रम कारावास और 1,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से आलोक राय और अशोक सिरसौदिया ने पैरवी की। अपर लोक अभियोजक ने इसे शराब तस्करी और अवैध शराब के रखरखाव पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

### अवैध नशीली सिरप सहित आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** 25 सितम्बर को थाना जयसिंहनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम कौआसरई स्थित शिव फैमिली ढाबा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान ढाबा संचालक अनिल सिंह पटेल पिता अयोध्या सिंह पटेल उम्र 36 वर्ष निवासी कौआसरई थाना जयसिंहनगर मौके पर मिला।

घेराबंदी कर उक्त ढाबे की तलाशी लेने पर फ्रिज के पीछे रखे सफेद प्लास्टिक झोले से 16 नग व्ब्तम्‌ कफ सिरप 100 एमएल प्रत्येक बरामद हुई, जिनमें कुल लगभग 160 एमजी कोडीन फॉस्फेट पाई गई। साथ ही आरोपी से 19600 रुपये नगद भी जप्त किए गए। आरोपी से वैध लाइसेंस मांगे जाने पर प्रस्तुत न कर पाने पर बरामद नशीली दवाइयां व नगदी कुल 24400 कीमती सामग्री विधिवत जप्त की गई। आरोपी का कृत्य एनडीपीएस एक्ट एवं मध्यप्रदेश ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत दण्डनीय पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी अनिल सिंह पटेल को मौके पर गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही उपरांत न्यायालय पेश किया गया है।

### जहरीले कीड़े के काटने से बालक की मौत

**शहडोल।** जिले के देवलोंद थाना क्षेत्र के अमिलिहा गांव में 13 वर्षीय बालक की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई है। बालक का शव घर से आधा किलोमीटर दूर एक जंगली सडक़ में मिला है। शव को सडक़ में देख मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।
पुलिस ने बताया कि देवलोंद के अमिलिहा गांव में यह घटना घटी है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बालक दीपेंद्र कोल पिता रामसरोवर घर से खेत की ओर निकला था, लेकिन वह काफी देर तक जब घर वापस नहीं लौटा तो परिजन उसे तलाशने लगे,और तभी गांव में खबर आई कि एक बालक का शव जंगली रास्ते में पड़ा है। जब लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि वह दीपेंद्र का शव है। इसके पैर में जहरीले कीड़े के काटने के निशान दिखाई दिए।


---

### जयसिंहनगर में स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल बेहाल

# मैनुअल पर्ची वसूली और लापरवाही का खेल जारी

सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था पर संकट

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था का हकीकत में चरम पतन देखा जा रहा है। यह केंद्र इस कदर अनियमित और असंगठित तरीके से संचालित हो रहा है कि यहां मरीजों का इलाज न केवल जैसे-तैसे किया जा रहा है, बल्कि सरकारी निर्देशों और मरीजों के अधिकारों की खुलेआम अनदेखी भी की जा रही है। सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन भगवान भरोसे चल रहा है। कंप्यूटर राइज पर्ची प्रणाली के लागू होने के बावजूद, यहां आज भी मैनुअल पर्ची काटने का प्रचलन जारी है और इसके लिए रोगियों से 10 तक वसूली की जा रही है। यही नहीं, भर्ती होने वाले मरीजों को 30 और छुट्टी होने पर भी 30 की पर्ची कटवानी पड़ती है। विशेषकर चौंकाने वाली बात यह है कि शासन स्तर पर स्पष्ट निर्देश हैं कि बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, गरीबी रेखा कार्डधारी और आयुष्मान कार्डधारी मरीजों को पर्ची निःशुल्क दी जानी चाहिए, लेकिन जयसिंहनगर में यह प्रावधान सिर्फ कागजों में ही लागू है, हकीकत में इन पात्र मरीजों से भी वसूली की जा रही है।







#### इलाज की स्थिति भी चिंताजनक

स्थानीय लोगों और मरीजों का कहना है कि पर्ची वसूली के इस खेल में दरअसल हेराफेरी और अनियमितता का पूरा तंत्र काम कर रहा है। रोज़ाना काटी जाने वाली पर्चियों की राशि में मनमानी फेरबदल की जाती है। अधिकारी इस मामले में आंखें बंद कर बैठे हैं और प्रशासनिक स्तर पर इस पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं है। सिविल अस्पताल में मैनुअल पर्ची प्रणाली के अलावा मरीजों के इलाज की स्थिति भी चिंताजनक है। डॉक्टर और स्टाफ कर्मचारियों का रवैया लापरवाह है। मरीजों को समय पर दवा, टेस्ट और जांच की सुविधा नहीं मिल रही। प्राथमिक उपचार के लिए लंबी कतारें और निराशाजनक इंतजार आम बात हो गई है।

#### स्वास्थ्य व्यवस्था पर विश्वास भी कमजोर

केंद्र में कंप्यूटराइज्ड पर्ची प्रणाली की व्यवस्था तो पहले ही कर दी गई थी, लेकिन उसका संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका। इसके कारण मरीजों को अपने इलाज के लिए अतिरिक्त समय और पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। यही नहीं, यह स्थिति भ्रष्टाचार और पैसों की मनमानी वसूली का अवसर भी प्रदान कर रही है, जो मरीजों की जेब पर सीधे असर डाल रही है। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और प्रशासन की इस लापरवाही के कारण ग्रामीण और गरीब मरीजों को सीधी हानि हो रही है। गरीब परिवारों के लोग, जिन्हें सरकारी सहायता और आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं के तहत मुफ्त इलाज का हक है, उन्हें भी पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। ऐसे में न केवल मरीजों की वित्तीय हालत प्रभावित हो रही है, बल्कि लोगों का सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर विश्वास भी कमजोर हो रहा है।

#### गुणवत्ता पर किसी का ध्यान नहीं

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई बार मरीजों और उनके परिजनों द्वारा शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। अधिकारी निगरानी और समयबद्ध सुधार जैसे शब्दों के पीछे छिपे रहते हैं, जबकि जमीन पर स्थिति बिल्कुल विकट है। मरीजों की संख्या और पर्ची वसूली की राशि का आंकड़ा रोज़ाना बदलता रहता है, और यह स्पष्ट संकेत है कि पर्ची राशि में हर रोज़ हेराफेरी की जा रही है। सिविल अस्पताल की इस स्थिति से यह भी स्पष्ट है कि शासन और प्रशासन द्वारा दिए गए आदेश और दिशा-निर्देश सिर्फ कागज़ों तक ही सीमित रह गए हैं। मरीजों का हित और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर किसी का ध्यान नहीं है।

#### स्वास्थ्य पर गंभीर संकट

विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की अनियमितताएं लंबे समय तक जारी रहीं तो जन स्वास्थ्य पर गंभीर संकट पैदा हो सकता है। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो ग्रामीण और गरीब मरीज सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से मुंह मोड़ देंगे और निजी चिकित्सालयों की ओर रुख करेंगे, जो उनकी आर्थिक स्थिति को और अधिक कमजोर कर देगा। स्वास्थ्य केंद्र में इस समस्या का सबसे बड़ा कारण प्रशासनिक लापरवाही, कर्मचारियों की मनमानी और पारदर्शिता का अभाव है। स्पष्ट है कि यदि शासन और जिला प्रशासन तुरंत हस्तक्षेप नहीं करता, तो यह स्थिति और गंभीर रूप ले सकती है।

#### मैनुअल पर्ची पर तुरंत लगे रोक

स्थानीय लोग और मरीज स्वास्थ्य विभाग से मांग कर रहे हैं कि मैनुअल पर्ची वसूली पर तुरंत रोक लगाई जाए। कंप्यूटराइज्ड पर्ची प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और पात्र मरीजों को निःशुल्क पर्ची उपलब्ध कराई जाए। हर दिन की पर्ची राशि का पारदर्शी लेखा-जोखा तैयार किया जाए। असंतोष और शिकायत के मामलों में त्वरित जांच और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जयसिंहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति न केवल मरीजों के लिए समस्या बन गई है, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह लगा रही है।

---

### शताब्दियों पुरानी परंपरा पर आघात

## माता बिरासिनी मंदिर में दीवार पर अपमानजनक लेखन

पंडितों से पूजा-पाठ से पहले शुल्क वसूली

**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली की माता बिरासिनी मंदिर में हाल ही में नोटिस और दीवार पर अपमानजनक लेखन ने श्रद्धालुओं और पंडित समाज में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। कलश गृह के बाहर दीवार पर लिखा गया, कृपया कलश विसर्जन की पर्ची पंडितों को न दें, जिसे पंडित समाज ने सार्वजनिक अपमान माना है और तत्काल हटाने की मांग की है।

श्रद्धालुओं का कहना है कि कथा सुनने और पूजा कराने के लिए लोग मंदिर आते हैं और धार्मिक कार्यों का संचालन ब्राह्मण ही करें, यह स्वाभाविक है। लेकिन अब मंदिर प्रबंधन ब्राह्मणों को पूजा कराने से पहले 1100 की रसीद कटवाने के लिए बाध्य कर रहा है। रसीद न कटवाने वाले पुरोहितों को मंदिर परिसर से बाहर कर दिया जाता है। इससे परंपरा और आस्था दोनों को आघात पहुंचा है।

पूर्व मंदिर संचालन समिति सदस्य पंडित प्रकाश पालीवाल ने बताया कि मंदिर 2012 से प्रशासनिक नियंत्रण में है। इससे पहले किसी पुरोहित से पूजा-पाठ कराने का शुल्क नहीं लिया जाता था और किसी विशेष वर्ग के खिलाफ अपमानजनक लेखन भी नहीं होता था। पिछले दो वर्षों से यह शुल्क वसूला जा रहा है, जो परंपरा और आस्था के खिलाफ है।







एसडीएम अम्बिकेश प्रताप सिंह ने कहा कि दीवार पर लिखा गया अनुचित है। दोषियों की पहचान कैमरों के माध्यम से करवाई जाएगी और उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पाली नगर के ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि पंडित रामनारायण पांडे, पंडित प्रमोद उपाध्याय, आचार्य राकेश उपाध्याय और अन्य पुरोहितों ने कहा कि यह सार्वजनिक अपमान है और नगर की सैकड़ों साल पुरानी छवि को धूमिल करने का प्रयास है।

स्थानीय लोग और श्रद्धालु मांग कर रहे हैं कि दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की हरकत करने की हिम्मत न करे। फिलहाल, मंदिर व्यवस्थाओं को लेकर श्रद्धालुओं और पंडित समाज में गहरा रोष है और प्रशासन से ठोस कदम उठाने की अपेक्षा की जा रही है, ताकि माता बिरासिनी मंदिर में आस्था और सम्मान की परंपरा अक्षुण्ण रह सके।

---

## मनरेगा उपयंत्रियों का आंदोलन हुआ तेज, शासन के नाम सौंपा ज्ञापन

37 दिन से जारी है शांति प्रिय आंदोलन, अब क्रांतिकारी रूप लेने की तैयारी

शहडोल

मनरेगा संविदा उपयंत्री अपनी आठ सूत्रीय न्यायोचित मांगों को लेकर पिछले 37 दिनों से शांतिपूर्वक आंदोलनरत हैं। शासन-प्रशासन से कई बार आवेदन और निवेदन के माध्यम से गुहार लगाने के बावजूद मांगों पर सुनवाई न होने से उपयंत्रियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। इसी के चलते शुक्रवार को प्रदेशभर में उपयंत्रियों ने कलेक्टर के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा और आंदोलन को क्रांतिकारी स्वरूप देने की चेतावनी दी।

गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जुलाई 2023 में संविदा कर्मियों के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप संविदा नीति लागू की गई थी, किन्तु ग्रामीण विकास विभाग ने अब तक इस नीति को लागू नहीं किया है। जबकि प्रदेश के अन्य विभागों में यह नीति प्रभावी रूप से लागू की जा चुकी है।

मनरेगा उपयंत्रियों की प्रमुख मांगों में वेतन विसंगति का निराकरण, अनुकम्पा नियुक्ति, निलंबन प्रक्रिया में सुधार, ग्रेच्युटी भुगतान और सहायक यंत्री का प्रभार शामिल हैं। संघ का कहना है कि यदि सरकार शीघ्र ही



समाधान नहीं करती, तो आंदोलन को परिवारजनों और समर्थक संगठनों के साथ उग्र रूप दिया जाएगा।

संघ के जिला अध्यक्ष सुभाष प्रसाद के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अभियंता मातृशक्ति पुष्पांजलि तिवारी, मांडवी त्रिपाठी, रत्नमाला मिश्रा, नीलिमा श्रीवास्तव, रेखा राहंगडाले सहित रघुवंश तिवारी, सीताशरण शुक्ला, बृजेंद्र तिवारी, नरेंद्र परमार, अनिल शुक्ला, मनोज शुक्ला, रोहित कुमरे, रईसुद्दीन खान, भूपेंद्र आर्मो आदि उपस्थित रहे।

आंदोलन के चलते ग्रामीण विकास विभाग के कार्य प्रभावित हो रहे हैं और कई क्षेत्रों में मनरेगा योजनाओं का संचालन ठप्प हो गया है। मजदूरों को समय पर भुगतान न मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। उपयंत्रियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी न्यायसंगत मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

---

## भक्ति और उल्लास से झूम उठा शहडोल



पावन जागृति समूह के गरबा उत्सव में उमड़ा जनसैलाब

**शहडोल।** नवरात्र के शुभ अवसर पर पावन जागृति समूह द्वारा आयोजित दो दिवसीय गरबा उत्सव ने पूरे शहर का मन मोह लिया। श्री डी सदन (धर्मपाल जी का बाड़ा) में संपन्न इस भव्य आयोजन में सैकड़ों प्रतिभागियों ने माता रानी के भजनों एवं गरबा गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय और उल्लास से सराबोर कर दिया।कार्यक्रम की सफलता में समूह की संस्थापक श्रीमती राखी शर्मा, अध्यक्ष श्रीमती अंजना उदानियां तथा प्रज्ञा श्रीवास्तव और रूपल दाहिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के लिए चार अलग-अलग श्रेणियाँ निर्धारित की गई थीं, जिनमें सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा गरबा क्वीन का ताज, जो इस वर्ष सुहानी पाठक को प्रदान किया गया। सुहानी ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में 11,000 नगद राशि और चांदी का ब्रिसलेट स्मृति चिन्ह के रूप में दिया गया। यह गरबा उत्सव न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक रहा बल्कि शहर के सांस्कृतिक जीवन में नई ऊर्जा और सौहार्द का संचार भी किया। उपस्थित जनसमूह ने आयोजकों एवं विजेताओं को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्सवों की कामना की।

---

## जैतपुर ब्लॉक में संपन्न हुआ कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन

जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताया

**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के प्रथम जैतपुर आगमन पर जैतपुर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अवस्थी द्वारा भाटिया माता मंदिर में दर्शन से हुआ, इसके बाद रसमोहनी स्थित श्रीराम मिश्रा के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जनसमूह ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके उपरांत जैतपुर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले 25 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर संगठन की सेवा की है। मेरा विश्वास है कि किसी भी संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। जिले में कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता मेरे और संगठन दोनों के लिए सर्वोपरि रहेंगे। उनके हितों की रक्षा और उन्हें उचित जिम्मेदारियाँ देना मेरी प्राथमिकता रहेगी।



कार्यक्रम के बाद जिलाध्यक्ष अवस्थी ने कदौड़ी मंडलम अध्यक्ष लालेन्द्र सिंह के निवास पर पहुँचकर उनके दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ खड़ा है।

#### सम्मेलन में रहे ये प्रमुख कांग्रेसजन

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, सोनू यादव एवं सोनू कोल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य रूप से राजेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष जैतपुर, उमा धुर्वे जनपद अध्यक्ष बुढ़ार, ओंकार सिंह अध्यक्ष समाज कल्याण प्रकोष्ठ, अनिरुद्ध सिंह अध्यक्ष लघु वनोपज संघ, अजय शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष केशवाही , राजीव शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष बुढ़ार , बी.डी. सिंह नेटी अध्यक्ष आदिवासी ब्लॉक कांग्रेस जैतपुर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों में कांग्रेस की रणनीति को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए।

---

## एक ही दिन में तीन गिरफ्तार, 6.47 किलो अवैध गांजा जब्त

**शहडोल।** जिले में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने एक के बाद एक कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। 25 सितम्बर को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों जयसिंहनगर और सोहागपुर में दबिश देकर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा कुल 6.47 किलोग्राम अवैध गांजा और नगद राशि सहित जेवरात बरामद किए हैं।

#### जयसिंहनगर थाना की कार्रवाई

मुखबिर की सूचना पर जयसिंहनगर थाना पुलिस ने ग्राम देवरा में दबिश दी, जहां से आरोपी **वीरेन्द्र सिंह कर्चुली पिता ब्रजराज सिंह कर्चुली उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम देवरा को पकड़ा गया। तलाशी में सफेद बोरी से 4.150 किलोग्राम अवैध गांजा कीमत 48,000 और गुलाबी थैले से 42,300 नगद बरामद किए गए। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह गांजा उसे सचिन द्विवेदी पिता संजय द्विवेदी निवासी ग्राम निगाई से प्राप्त हुआ था, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अजय कुमार बैगा के नेतृत्व में



सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार गौतम, अरविंद दुबे, प्रधान आरक्षक ज्ञाजेन्द्र कुमार, आरक्षक रूस्तम सिंह, विजय सिंह, चिरंजीव चौधरी, राजकुमार मिश्रा एवं महिला आरक्षक मोहिनी परिहार की भूमिका रही। इसी दिन जयसिंहनगर पुलिस टीम ने ग्राम कौआसरई क्षेत्र में दबिश देकर एक महिला आरोपिया शशि दुबे पति रामसजीवन दुबे उम्र 40 वर्ष निवासी कौआसरई, कमरान मोहल्ला को गिरफ्तार किया। आरोपिया के कब्जे से 650 ग्राम अवैध गांजा मूल्य 3,500 बरामद किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि गांजा उसे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्कूटी से दिया जाता था। आरोपी महिला के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

#### सोहागपुर थाना की कार्रवाई

सोहागपुर पुलिस ने भी मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम सोहागपुर वार्ड नं. 05 निवासी हेमलता रजक पत्नी भूखन रजक उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी महिला उमरिया-शहडोल हाईवे पर अवैध गांजा लेने आई थी। तलाशी में उसके पास से 1.670 किलोग्राम गांजा मूल्य 16,000 और कुछ कीमती जेवरात बरामद किए गए। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह अपनी पुत्री रानी रजक के साथ गांजा की पुड़िया बनाकर बिक्री करती थी। सभी मामलों में पुलिस ने आरोपीगणों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया है।

---

## नवरात्र पर नारी शक्ति का अपमान बर्दाश्त नहीं: अवस्थी



**कैबिनेट मंत्री का कांग्रेस ने किया पुतला दहन**

**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में शुक्रवार को जैतपुर चौक पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन मंत्री द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में किया गया। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय ने अपनी ओछी मानसिकता और दूषित सोच का परिचय देते हुए नवरात्र जैसे पावन पर्व पर देश की संपूर्ण नारी शक्ति का अपमान किया है। यह केवल राहुल जी और प्रियंका जी का नहीं, बल्कि देश के हर भाई-बहन और सभी महिलाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह बयान भाजपा और संघ की सोच और चरित्र को उजागर करता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मंत्री विजयवर्गीय सार्वजनिक रूप से माफी माँगें, अन्यथा विरोध और तेज़ किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत चंदिया में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदिया ने बताया कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत चंदिया नगर परिषद में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम मे नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढक़र सहभागिता दर्ज कराते हुए पौधरोपण रोपण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि एक पेड मां के नाम उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण है, बल्कि मातृ-समर्पण की भावना को समाज में जागरूक करना भी है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, स्वच्छ हवा, हरियाली और स्वस्थ भविष्य के लिए हमें वृक्षारोपण को जन-आंदोलन बनाना होगा।

## रामलीला ग्राउंड में किया गया श्रमदान



**उमरिया।** स्वच्छता सेवा पखवाडा अंतर्गत एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता अभियान के तहत रामलीला ग्राउंड नौरोजाबाद में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कुशल सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव प्रसाद धुर्वे, जनप्रतिनिधि, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, गणमान्य नागरिक एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा रामलीला ग्राउंड परिसर की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्ण स्वच्छता व ब्लैक स्पॉट हटाने के लिए लक्षित इकाइयों का रूपांतरण कार्य किया गया।

## प्रयागराज के 73 शिक्षकों का दल बांधवगढ़ पहुंचा



**उमरिया।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि विगत दिवस बेथनी कॉन्वेंट स्कूल, नैनी, प्रयागराज के 73 शिक्षकों का दल पर्यटन भ्रमण हेतु बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पहुँचा। इस अवसर पर बफ़र में सफर के अंतर्गत टीम को बफर क्षेत्र की जैव विविधता एवं संरक्षण गतिविधियों से अवगत कराया गया। क्षेत्र संचालक द्वारा परासी गेट पर दल से मुलाक़ात की गई, जहाँ शिक्षकों ने मार्गदर्शन प्राप्त किया और क्षेत्रीय महत्व की जानकारी साझा की गई। दल के सभी सदस्य गाइड्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन से अत्यंत संतुष्ट एवं प्रसन्न दिखाई दिए। इस प्रकार भ्रमण न केवल पर्यटकों को आनंद की अनुभूति कराता है बल्कि वन्यजीव संरक्षण की समझ को गहरा करने तथा समाज में संरक्षण संदेश के प्रसार हेतु भी उपयोगी सिद्ध होता है।

## स्वस्थ रानी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन

**कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में 26 सितंबर शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के वर्मा के मार्गदर्शन में व कोतमा सीबीएमओ डॉ के एल दीवान के नेतृत्व में "स्वस्थ रानी, सशक्त परिवार" अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे आर. के. एचआईवी एड्स रिसर्च एवं केयर सेंटर मुंबई एवं प्रोजेक्ट हेड योगिता बोरकर के निर्देश पर टीबी के 20 मरीजों को फ़ूडबास्केट (पोषण आहार) का वितरण प्रोजेक्ट मैनेजर वैभव जैन द्वारा किया गया। टीबी के मरीज को लगातार छह माह तक पोषण आहार दिया जाता है। इस दौरान कोतमा शिवकुमार नामदेव, जसे ज्योति गुप्ता, आईसीटीसी काउंसलर श्यामवती नेताम, मंजू लकड़ा, कनिष्क लकड़ा आदि लोग उपस्थित थे।

# सात दिवसीय हाथी महोत्सव के तीसरे दिन लोकनृत्य की हुई प्रस्तुति

**उमरिया।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि सात दिवसीय हाथी महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक लोकरंग की प्रस्तुति कलाकारों व्दारा दी गई। कार्यक्रम में स्थानीय लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें बैगा नृत्य एवं शैला नृत्य प्रमुख आकर्षण रहे। हाथी महावत एवं चारा कटरों ने भी बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और लोकगायन एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किए, जिसमें प्रमुख रूप से विरहा गायन एवं दिवारी गायन-नृत्य शामिल रहे। महावतों ने अपने अनुभव साझा किए एवं पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं, प्रशिक्षु वनरक्षकों ने भी मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण हाथियों को परोसे गए स्वादिष्ट फल,



गन्ना एवं अन्य व्यंजन रहे, जिनका उन्होंने भरपूर आनंद लिया। स्थानीय ग्रामवासी, स्कूली बच्चे, गाइड, जिप्सी ड्राइवर, होटल/रिसोर्ट कर्मचारी एवं ग्रामीण समाज के अनेक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव का हिस्सा बने और उत्सव की गरिमा को और भी बढ़ाया। हाथी महोत्सव का यह तीसरा दिन सांस्कृतिक धरोहर, लोक परंपराओं और मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व का अद्भुत संगम रहा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सुश्री रोशनी सिंह जनपद सदस्य एवं रतिभान सिंह पूर्व सरपंच ताला ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वन विभाग से बी.एस. उप्पल (एसडीओ मानपुर), मुकेश अहिरवार (रेन्जर मानपुर), राहुल किरार (रेन्जर ताला) तथा सचिन सिंह (रेन्जर धामोकर) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने आवासीय एकलव्य विद्यालय का किया निरीक्षण

### छात्राओ से की रूबरू चर्चा



**उमरिया।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने विगत दिवस पाली विकासखंड स्थित आवासीय एकलव्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने छात्र छात्राओ से रूबरू चर्चा करते हुए पठन पाठन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर छात्राओ ने बताया कि एकलव्य विद्यालय में निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाया जाता है।बच्चों ने बताया कि छात्रावास में समय पर नाश्ता भोजन प्रदाय किया जाता है। इसके साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्रदाय किया जा रहा है।कमिश्नर ने छात्र छात्राओ से कहा कि मन लगाकर अपने अध्ययन का कार्य करे।विद्यालय से आने के बाद दोबारा उसका रिवीजन करें।कैरियर बनाने के लिए अपने लक्ष्य को निर्धारित करें तथा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी लगन के साथ मेहनत करें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, प्राचार्य टी एस रघुवंशी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पोषण माह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम सम्पन्न

**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकाश विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि चंदिया नगर परिषद के स्थानीय वार्ड में मां दुर्गा के पंडाल में महिलाओं एवं आमजन द्वारा पोषण माह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया थीम अनुसार आज जीवन के प्रथम 1000 दिवस और मस्तिष्क के विकास पर पुरुषो में जागरूकता,पोषण के नेतृत्व में सामुदायिक शपथ के बारे में चर्चा की गई।प्रथम 1000 दिवस में एक बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास की नींव रखी जाती है यही दिवस कौशल, सीखने की क्षमता और भावनात्मक विकास में मदद करता है मस्तिष्क के विकास के लिए नियमित शारीरिक गतिविधियां, संतुलन लचीलापन, शारीरिक मनोदशा को बेहतर बनाने में भी मदद करती है। आंगनवाडिय़ों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण में पुरुषों की भागीदारी और जन जागरूकता अभियान के विषय में विशेष रूप से चर्चा की गई। पुरुषों के नेतृत्व में सामुदायिक शपथ,बाल पोषण एवं देखभाल पर पोषण चौपाल और पिता-केंद्रित कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। पुरुषों के योगदान से परिवारों में खुशहाली बढ़ती है, महिलाओं में प्रसवोत्तर अवसाद कम होता है और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर उपयोग होता है. पुरुषों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान, वित्तीय सहायता, सामुदायिक भागीदारी और तकनीक का उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी अंजू पोर्ते, सुपरवाइजर सावित्री सिंह ,पूजा गुप्ता एवं समस्त चंदिया सेक्टर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



# विधायक नगर परिषद भवन सहित अन्य कार्यों का किया लोकार्पण



**उमरिया।** विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह ने मानपुर में 75 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित नगर परिषद कार्यालय भवन का लोकार्पण के साथ ही विभिन्न वार्डों में लगभग 14 करोड़ के सी.सी. रोड एवं बी.टी. रोड के निर्माण का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होने लगभग 17 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन किया जिसमें अमृत 2.0 अंतर्गत वाटर सप्लाई लगभग 5 करोड़ एवं लिक्विड ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 5 करोड़ व विभिन्न वार्डो में बी.टी. रोड एवं सी.सी. रोड व विद्युतीकरण के कार्य शामिल है। विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह ने एक पेड़ मां के नाम के तहत वार्ड क्र. 7 नवीन कार्यालय के पास पौधारोपण किया। इस अवसर पर नगर परिषद मानपुर अध्यक्ष भारती सोनी, जनपद अध्यक्ष मानपुर ममता सिंह छोटे सिंह, हरीश विश्वकर्मा, सतीश सोनी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन

**कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में ब्लड बैंक अनूपपुर के सहयोग से किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 58 विद्यार्थियों ने रक्त परीक्षण में भाग लिया एवं 15 यूनिट रक्तदान विद्यार्थी एवं शैक्षणिक स्टाफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की भूमिका रही।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के नवीन सत्र का शुभारंभ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय उमरिया में आशुतोष अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। आशुतोष अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि हम अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें और आसपास निर्मित वस्तुओं को खरीदकर लघु उद्योगों को बढ़ावा दें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।मिथलेश पयासी ने कहा कि पं. दीनदयाल का मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक व्यवस्था की आधारशिला होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वदेशी की प्राथमिकता रखते हुए वे विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को भी अपनाने के पक्षधर थे। श्री मान गंगा राजीव पांडे ने कहा कि पं. उपाध्याय का पूरा जीवन राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम माना और 'एकात्म मानववाद' की विचारधारा के माध्यम से भारतीय समाज को नई दिशा दी। उनका मानना था कि विकास तभी सार्थक है जब समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक उसकी किरण पहुँचे।उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि हम राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं तो हमें पं. उपाध्याय के आदर्शों को जीवन में उतारना होगा। स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग, सामाजिक समरसता और सेवा-भाव ही उनकी विचारधारा की नींव है। जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला ने नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम की शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराया और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लेने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य विमला मरावी , परामर्शदाता संतोष त्रिपाठी, जयभारती साहू, राघवेन्द्र द्विवेदी, सुनीता सिंह, सुश्री सोनाली तिवारी , ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति के सदस्य, नवांकुर संस्था पदाधिकारी,प्रदीप सिंह, सुमित गौतम, उपस्थित रहे।




**कोयलांचल मे मातारानी के प्रतिमाओं का भव्य रूप**






# नगर में शारदेय नवरात्र की धूम

### उमड़ने लगी भीड़, आकर्षक प्रतिमाओं ने मोहा मन

**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** नगर में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम मची है। नगर में उत्सव को भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई। कई स्थानों पर माता दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई और दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा सभी जगहों पर आकर्षक लाइटिंग की साज सज्जा की गई है। नगर के बस स्टैंड मुखर्जी चौक गुरुद्वारा रोड शारदा काली मंदिर गांधी चौक पुराना स्टेट बैंक चौक पुराना अस्पताल रोड भट्ठी टोला जैसे प्रमुख स्थानों पर खास सजावट की गई है। कही महल तो कहीं जंगल तो कहीं पहाड़ में माता रानी को विराजमान करते हुए झांकी सजाई गई है।



### उमड़ने लगी भीड़

शाम होते ही नगर में माता की झांकी देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र से परिवार सहित माता की झांकी देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई है यह सिलसिला देर रात तक चलता है। नवरात्रि पर्व पर मंदिरों एवं पंडालों के आसपास नगर पालिका के द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था करवाई जा रही है। नगर में लगे स्ट्रीट लाइट का सुधार कार्य भी नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है जिससे नगर की गलियों में अंधेरा ना रहे और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति शारदा काली मंदिर के पास नवरात्रि के प्रथम दिन से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जहां सुबह से लेकर देर रात तक भंडारे का प्रसाद वितरण किया जा रहा है। समिति के द्वारा श्रद्धालुओं को बैठाकर भी भंडारे का प्रसाद खिलाया जा रहा है।

### जल रही अखंड ज्योति

नवरात्रि के प्रथम दिन से ही नगर के पंचायती मंदिर ठाकुर बाबा मंदिर बूढी माता मंदिर मे मंदिर समिति के द्वारा अखंड ज्योति कलश जलाया गया है जो निरंतर 24 घंटे जलता है। पंडित कुंज बिहारी मिश्रा एवं मोहन द्विवेदी ने बताया कि श्रद्धालु अपनी मन्नत के लिए अखंड ज्योति कला जलवाते हैं। साथ ही मंदिर परिसर में जवारे भी बोये गए हैं। नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था नगर में चाक चौबंद की गई है। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने बताया कि नगर में नवरात्रि का त्योहार भाव रूप से मनाया जाता है शाम से ही आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शनों के लिए आने लगती है जिसको देखते हुए नगर के मंदिरों एवं मुख्य चौराहों में पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिला पुलिस बल की भी ड्यूटी लगाई गई है। वह स्वयं नगर की गलियों में पुलिस बल के साथ घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा देर रात तक ले रहे हैं सीसीटीवी कैमरे से असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

### गूंज रहे देवी गीत

नगर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए नगर पालिका के द्वारा नगर के गांधी चौक में पुलिस सहायता केंद्र खोला गया है जहां नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ ही पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नवरात्रि का पर्व शुरू होते ही नगर में उत्सव का माहौल देखा जा रहा है जहां मंदिरों एवं मढिया में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ माता के दर्शनों के लिए पहुंच रही है वहीं नगर में माता के देवी भजनों की चारों ओर गूंज सुनाई देती है।

### तहसील प्रांगण मे विराजीं मातारानी



**कोतमा।** आदर्श दुर्गा समिति तहसील प्रांगण वार्ड क्रमांक 10 मे मातारानी की प्रतिमा स्थापित की गई है। शारदेय नवरात्र के पांचवें दिन मातारानी के दर्शनन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रि मे पूरा नगर जहां भक्ति मे डूबा हुआ है वही लोगों के बीच मां के प्रति आस्था भी देखी जा रही है। सुबह से ही जिनकी मन्नत पूरी हो गई है वे भक्त बाजे गाजे के साथ घर से दण्ड भरते हुये माता के दरबार तक पहुंच रहे हैं। नगर की हर गलियों मे दण्ड भरते हुये भक्त सुबह से देखे जा रहे हैं। नगर के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति शारदा काली मंदिर मे नवरात्रि के प्रथम दिन से भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है जो सुबह से देर रात तक निरंतर चलता रहता है। समिति के लोगों के द्वारा बड़े उत्साह के साथ श्रद्धालुओं को भण्डारे का प्रसाद वितरण किया जाता है। तहसील प्रांगण मे आरती के पश्चात भजन कीर्तन का भी आयोजन चलता रहता है।

# लोक कल्याण शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद पसान में लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संयुक्त टीम बनाकर हितग्राहियों को पहुंचाया गया लाभ। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अभियान के तहत 24 सितंबर को नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र के जमुना कोऑपरेटिव बाजार में लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संयुक्त टीम बनाकर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया शासन के मंशानुरूप स्वच्छता कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, पीएम स्वनिधि हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण, नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पे योजना के तहत आवेदन प्राप्त किए गए छोटे व्यापारियों को ऋण प्रदान करने, स्वच्छता कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा विभिन्न योजनाओं का फॉर्म भरवाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह, शशांक आर्मो मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पसान, नगर पालिका के समस्त पार्षद जिले से आई निरीक्षण टीम राजन श्रीवास्तव एवं अन्य, जमुना कॉलरी, कोतमा कालरी भारतीय स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसान के डॉक्टर विपिन यादव एवं सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती सरिता जायसवाल, सी.एच.ओ. सुश्री प्रियंका वर्मा, सी.एच.ओ. सुश्री आरती, ए.एन.एम. सुश्री पार्वती साहू सहित उनकी मेडिकल टीम, नगर पालिका के पीएम स्वनिधि की टीम राजभान तिवारी एवं श्रीमती सविता सिंह स्वच्छता नोडल अविनाश मरकाम सहायक नोडल फयाज अहमद स्वच्छता प्रभारी जमुना अनिल सिंह स्वच्छता प्रभारी भालूमाड़ा अजीत लालपुरी, जनकल्याणकारी योजना टीम चंद्रमणि तिवारी, सोनक सरकार, अचिन्त शुक्ला, अवधेश ठाकुर, सनी सेन एवं निकाय के स्वच्छता के समस्त कर्मचारीगण आईसी गतिविधियों अंतर्गत कार्यरत शुभम समाजसेवी संस्थान एनजीओ के जनप्रतिनिधि कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के आयोजन में भारी संख्या में हितग्राहियों ने पहुंचकर शिविर का लाभ उठाया और शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की।



# नगर परिषद जैतहरी ने दिया सौंदर्यीकरण का उपहार

### ठाकुर बाबा स्थल का लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूजजैतहरी।** नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 3 में स्थित ऐतिहासिक ठाकुर बाबा स्थल के सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। नगर के लिए महत्वपूर्ण इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल को और अधिक आकर्षक और व्यवस्थित बनाने हेतु नगर परिषद द्वारा व्यापक सौंदर्यकरण कार्य कराया गया था, जिसका आज विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व विंध्य विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, नगर के वरिष्ठजन नाथूराम राठौर, पोषण सिंह राठौड़, महेंद्र सोनी, भागवत गुप्ता, राहुल गुप्ता, मनीष गुप्ता, हरीश दीवानी, मनीष सोनी, धर्मवीर शर्मा, भारत राठौड़, वाल्मीकि राठौर, गोपाल नामदेव, विक्रम सिंह राठौड़ पूर्व अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता प्रकाश गुप्ता बृजेश पांडे (उप यंत्री, नगर परिषद जैतहरी), तथा नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह सहित परिषद के कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि नगर के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण और सौंदर्यकरण परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे स्थलों के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।



## पसान में दिया गया स्वच्छता का संदेश

**भालूमाड़ा।** नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र अंतजर्गत एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन कर नगर के जनप्रतिनिधियों व आम जनों ने मुख मार्ग व चौराहा में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत 25 सितंबर को प्रातः 8:30 बजे से भालूमाड़ा वार्ड क्रमांक 18 एटीएम चौक के मुख्य मार्गो व आस-पास, एवं वार्ड क्रमांक 18 जिला सहकारी बैंक के पास भारतीय स्टेट बैंक के पास में साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह, भा.ज.पा. मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी, पार्षद वार्ड क्रमांक 13 दीपक यादव, पार्षद वार्ड क्रमांक 18 इंद्रलाल केवट, बिलाल अहमद मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो, स्वच्छता नोडल/उपयंत्री अविनाश मरकाम, सहायक स्वच्छता नोडल फयाज अहमद, स्वच्छता प्रभारी अजीत लालपुरी एवं नगर पालिका के कर्मचारी व नागरिकगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खाड़ा रामपुर ओसीएम में धांधली, 7 हजार रुपए प्रति ट्रक वसूली के बाद ही होता है कोयले का डिस्पैच, टेक्निकल इंस्पेक्टर और प्रबंधन पर गंभीर आरोप

**धनपुरी।** सोहागपुर एरिया की चर्चित खाड़ा रामपुर ओपनकास्ट माइंस (ओसीएम) में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। आरोप है कि यहाँ से नियम-कानून को दरकिनार कर खुलेआम रोड सेल से कोयले का डिस्पैच किया जा रहा है। इस पूरे खेल में टेक्निकल इंस्पेक्टर और प्रबंधन के बीच कमीशनखोरी होने की बातें उजागर हुई हैं।सूत्रों की मानें तो खाड़ा रामपुर ओसीएम से कोयले की सप्लाई पाने के लिए उपभोक्ताओं को 7 हजार रुपए प्रति ट्रक अतिरिक्त खर्च देना पड़ता है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि यह पूरा सिस्टम ₹पेमेन्ट दो–कोयला लो₹ की तर्ज पर चल रहा है। कई उपभोक्ताओं ने इस भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत एसईसीएल प्रबंधन से की है और नामजद व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जिन लोगों की जिम्मेदारी पारदर्शिता सुनिश्चित करने की है, वही लोग अनियमितताओं को बढ़ावा दे रहे है।अब देखना होगा कि एसईसीएल प्रबंधन इस गंभीर आरोपों पर क्या कार्रवाई करता है या फिर शिकायतों को हमेशा की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

### खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर की गई कार्यवाही



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए है । निर्देश के परिपालन में प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मी की टीम द्वारा तहसील करकेली अंतर्गत ग्राम उजान से खनिज रेत का उत्खनन कर परिवहन करते हुये पाये जाने पर वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 ए 7051 जिसके वाहन मालिक अर्जुन प्रजापति पिता अगंद प्रजापति निवासी ग्राम सेहराटोला है । साथ ही 24 सितंबर को तहसील बांधवगढ अंतर्गत ग्राम कारीमाटी से खनिज रेत का उत्खनन करते हुये पाये जाने पर वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 एए 0941 जिसके वाहन मालिक सुनील उर्फ सोनू राय पिता स्व. पुनउ राय निवासी ग्राम पिपरिया तहसील मानपुर जप्त किया जाकर प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन संदीपनी स्कूल भवन का किया निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को ग्राम पंचायत कारीतलाई में 38 करोड़ 2 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन संदीपनी विद्यालय (सीएम राईज स्कूल) के भवन का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम राईज स्कूल भवन निर्माण एजेंसी परियोजना क्रियान्वयन इकाई को निर्देशित किया कि तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। यह निर्माणाधीन स्कूल भवन 3 मंजिला है। स्कूल में सभी जरूरी अत्याधुनिक सुविधाएं छात्र-छात्राओं को मुहैया कराई जायेगी। बताया गया कि स्कूल परिसर में ही बस पार्किंग, साइकल पार्किंग और कार पार्किंग के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था मौजूद है। इसके अलावा स्कूल परिसर में खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध है जिसमें छात्रों के फुटबाल, बास्केटबाल और बॉलीबाल खेलने की सुवधा मौजूद रहेगी।

# शारदेय नवरात्रि पर्व पर 551 कन्याओं का पूजन व भोज दशहरा उत्सव समिति एवं नगर परिषद पार्षदों के द्वारा कराया गया

**बुढार।**

शारदेय नवरात्रि के पुण्य अवसर पर दशहरा उत्सव समिति एवं नगर परिषद बुढार के पार्षदों द्वारा 551 कन्याओं का पूजन व भोज का भव्य कार्यक्रम शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया, जिसमें उत्साहियों ने भी अपनी भरपूर सहभागिता निभाई और पूरे उत्साह के साथ कन्याओं को भोज कराया गया। जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के आतिथ्य में कन्या पूजन व भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री मरावी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, नगर परिषद के पार्षदों तथा दशहरा समिति के पदाधिकारी एवं नगर के उत्साहियों ने शक्ति स्वरूपा कन्याओं का परंपरानुरूप पूजन कर उन्हें भोज ग्रहण करवाया और उपहार भेंटकर उनका आशीष अर्जित किये। शारदेय नवरात्रि के पांचवें दिवस श्रद्धा एवं उल्लास पूर्वक 551 कन्याओं का पूजन एवं भोज में महिलाओ ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। नगर दशहरा उत्सव समिति बुढार एवं नगर परिषद के समस्त पार्षदों के संयुक्त आयोजन में - भव्य कन्या पूजन एवं भोज में जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष सोनू आहूजा, श्रीमती जूली रजक, नमन ताम्रकार, रम्मू सोनी, समाज सेविका -अनामिका सिंह, पार्षद श्रीमती सुधा बारी, श्रीमती रश्मि सिंह, सुमित्रा नामदेव, साधना ताम्रकार, काजल सरावगी, मंजू लाल, मनीषा यश मालानी, सोनिया सोनी, सन्जू आसवानी, रीना द्विवेदी, शोभा रुचंदानी, पार्षद - हर्ष पाठक, हरिश्चंद्र केवट ने कन्याओं को पूजन के उपरांत भोजन ग्रहण करवाया।





**भव्य कन्या पूजन अवसर पर** - सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेंद्र ताम्रकार, दौलत मनवानी, पूर्व पार्षद विक्रम बारी, रवि कुमार रजक, श्रीकृष्ण गुप्ता, राजू सेठिया, विनोद पाठक, प्रतीत गुप्ता, राम यश मलानी, पल्लव श्रीवास्तव, दिनेश गुप्ता, योगेंद्र सिंह, प्राचार्य राम सजीवन पटेल, प्रधानाचार्य श्रीकांत चतुर्वेदी, टी.पी. शुक्ला, घनश्याम पांडेय, सुशील मिश्रा, विजय नामदेव, अभय शुक्ला की उपस्थिति उल्लेखनीय रही, वहीं कार्यक्रम में नगर परिषद की भी भरपूर सहभागिता रही।

## रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के अंतर्गत आने वाले ग्राम धुरवार तथा जल्दी टोला में पोषण माह अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन






**बुढार।**

जनपद पंचायत बुढार के जल्दी टोला एवं सोहागपुर के ग्राम धुरवार में कृषि विज्ञान केंद्र, रिलायंस फाउंडेशन तथा महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया।

रिलायंस सी.बी.एम.प्रोजेक्ट अंतर्गत आने वाले उपरोक्त ग्राम धुरवार एवं जल्दी टोला में पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम अवसर पर श्रीअन्न से बने पौष्टिक व्यंजनों की पोषण प्रदर्शनी लगाई गई जो प्रेरणादायी रही।

ग्राम पकरिया जल्दी टोला में महिला बाल विकास सुपरवाइजर श्रीमती रश्मि बैगा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सहभागिता से पौष्टिक व्यंजनों की पोषण प्रदर्शनी आयोजित की गई, वहीं ग्राम धुरवार में सुपरवाइजर श्रीमती शाहीन अंजुम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा संतुलित आहार युक्त पोषण प्रदर्शनी लगाई गई। यह प्रदर्शनी धुरवार आंगनवाड़ी क्र. 2 में पोषण माह के तहत आयोजित की गई।

इस अवसर पर रिलायंस फाउंडेशन की ओर से पधारे विशिष्ट अतिथि डॉ समीम खान ने पोषण आहार के तहत आयोजित कार्यक्रम में संतुलित आहार के घटकों प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, खनिज पदार्थ, विटामिन के संदर्भ में अवगत कराया वहीं पोषण युक्त आहार में इन अवयवों को यथोचित मात्रा में पाया जाना चाहिए। कार्यक्रम अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों को इन घटकों के कार्यों स्त्रोतों एवं उनकी कमी के लक्षण से भी अवगत कराने के लिए पोषण क्विज भी आयोजित की गई। डॉ समीम ने बताया कि - संतुलित आहार के अभाव में हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है तथा कुपोषण एवं विभिन्न प्रकार की बिमारियों का कारण बन जाती है, जरूर इस बात की है कि - हमें अपने आहार में साबुत अनाज दलहन मेवा दुग्ध उत्पादन तथा मछली आदि का सेवन करना चाहिए, इसके अतिरिक्त हमें अपने स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने हेतु संतुलित मात्रा में शक्कर एवं नमक तथा तेल आदि का प्रयोग भी करना चाहिए।

कृषि विज्ञान केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ अल्पना शर्मा ने पोषण माह के तहत कार्यक्रम में बताया कि - दैनिक आहार में विभिन्न स्थानीय फसल जैसे मुन्गा, मीठी नीम और हरी सब्जियों का समावेश किया जा सकता है।

अल्पना शर्मा ने बताया कि - अनाज तथा दालों का अंकुरित कर उपयोग करने से उनकी पौष्टिक ताकत बढ़ जाती है तथा यह अधिक सुपाच्य हो जाता है, इन पौष्टिक उपलब्ध स्थानीय संसाधनों का दैनिक आहार में उपयोग से मानव स्वास्थ्य में निश्चित सुधार होगा। उन्होंने उनके ज्यादा से ज्यादा दैनिक आहार में उपयोग पर जोर दिया जिससे खान-पान में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को उपलब्ध घरेलू संसाधनों से पूरा किया जा सके।

महिला बाल विकास की सुपरवाइजर श्रीमती शाहीन अंजुम ने बताया कि - ग्राम स्तर पर महिलाएं पौष्टिक मठरी, खुरमा, लड्डू, पूरी हलवा जैसे पोषण आहार बनाकर इनका स्वास्थ्य लाभ ले सकती हैं, तथा नियमित स्वास्थ्य जांच करवा कर हम अपने एवं अपने बच्चों की विभिन्न बीमारियों से बचा सकते है।

रिलायंस फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया, जिसमें डॉ करुणा सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा वजन उम्र लंबाई तथा हीमोग्लोबिन नापा गया एवं जरूरतमंदों को दवाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आई हुई सभी महिलाओं को आंगनबाड़ी की ओर से प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में उन महिलाओं को जिन्होंने अपने गर्भावस्था के दौरान जिनका हीमोग्लोबिन बहुत कम था उन्होंने अपने पोषण को बेहतर बनाकर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाया और स्वस्थ डिलीवरी हुई जिन्हें सम्मानित किया गया तथा ऐसे माताएं जिनके बच्चे कुपोषण या कम वजन के थे उन्हें भी अपने बच्चों को संतुलित पोषण दे और नियमित जांच एवं संतुलित आहार प्रदान करके उनके सामान्य वजन में लाया उन्हें भी कार्यक्रम अवसर पर सम्मानित किया गया।



## राज्य मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज़ कोतमा।**

मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने आज कोतमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिसिन कक्ष, बाह्य रोगी वार्ड, जनरल वार्ड, आंख जांच कक्ष तथा दवा वितरण केंद्र सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। राज्य मंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की तथा उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने मरीजों को समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाने के निर्देश चिकित्सकों एवं अस्पताल प्रबंधन को दिए। श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा आवश्यक संसाधनों के सुचारू संचालन पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान मौजूद चिकित्सकों और स्टाफ को उन्होंने जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरके वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




## नगर परिषद बनगवां में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशन पर नगर के प्रमुख स्थलों पर स्वच्छता ही सेवा के पुनीत उद्देश्य को लेकर साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाये जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें नगर परिषद बनगवां ( राजनगर) क्षेत्र के वार्ड वासी भी अपना सहभागिता निभा रहे हैं। इसक्रम में नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत एक दिन एक घंटा के साथ नगर के वार्ड क्रमांक 5 जोड़ा तालाब सूर्य मंदिर के पास नगर परिषद बनगवां (राजनगर) अध्यक्ष यशवंत सिंह की उपस्थित में यह स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें जिसमें प्रमुख रूप से राजेश मिश्रा लेखापाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पाषर्दगण, स्थानीय पत्रकार गण, नगर परिषद कर्मचारी एवं स्वच्छता मित्रो द्वारा जोड़ा तालाब में एक दिन एक घंटा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। तत्पश्चात नगर के प्रमुख मार्ग भगत सिंह चौक तक स्वच्छता रैली निकाली गई। स्वच्छता रैली के माध्यम से नगर को स्वच्छ रखे जाने का संदेश दिया गया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर मंडल बकहो में पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न

**मलाई।**

प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, संगठनकर्ता एवं एकात्म मानववाद व अंत्योदय की ज्योति प्रज्वलित करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर मंडल बकहो द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम ज़िला अध्यक्ष अमिता चपरा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे ने की तथा पूर्व जिला महामंत्री दीपक शर्मा के सानिध्य में आयोजन सम्पन्न हुआ।पुष्पांजलि कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह, भाजपा नेता लक्ष्मण गौतम, मंडल उपाध्यक्ष पिंटू मिश्रा व बिजेंद्र द्विवेदी, महामंत्री शिव शंकर गुप्ता, मंडल महामंत्री जसविंद सिंह, मंडल मंत्री आशीष मिश्रा, मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा, सह मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन, सह सोशल मीडिया प्रभारी रवि गिरी, भूषण दुबे, रवीन्द्र शुक्ला, राजेश शुक्ला, सत्यनारायण मिश्रा, शिव कुमार तिवारी, सत्यम मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, मान सिंह सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



# शासकीय विद्यालय में दी गई पॉक्सो एक्ट की जानकारी




**उमरिया।**

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास दिव्या गुप्ता ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निगहरी एवं नवीन शासकीय हाई स्कूल तमन्नारा ,नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास लालपुर एवं शासकीय हाई स्कूल लालपुर में मिशन वात्सल्य अंतर्गत प्रशिक्षण महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों को पाक्सो एक्ट, फास्टर केयर, स्पॉन्सरशिप , मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई । बच्चो मे उक्त विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई, प्रतिभागी बच्चों में पुरस्कार वितरण किया गया। इसी तरह मौहारटोला चंदिया में भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चला कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# जिला चिकित्सालय उमरिया में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।**

सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर के.सी.सोनी ने बताया कि स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत जिला चिकित्सालय में समस्त स्टाफ ने स्वच्छता ही सेवा की भावना को चरितार्थ करते हुए सफाई मित्रों के साथ मिलकर श्रमदान किया एवं अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दिया। इसी तरह स्वच्छता उत्सव के विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिला चिकित्सालय उमरिया के नर्सिग ऑफिसर्स एवं पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्रा ने भाग लिया । कार्यक्रम में डॉक्टर संदीप सिंह आर एम ओ ने समस्त स्टाफ को अपने आसपास के कार्य स्थल को स्वच्छ साफ रखने की आह्वान किया गया । कार्यक्रम में डॉक्टर के सी सोनी, आर एम ओ डॉक्टर संदीप सिंह, सविता भक्त बिना पटेल नर्सिंग ऑफिसर अनिल द्विवेदी अनिल वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री नेत्र शिविर कार्यक्रम में हुए शामिल

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि नर की सेवा में ही नारायण की सेवा है। नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल करना मध्यप्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है। नागरिकों को सहज, सुलभ, सस्ती, तत्परतापूर्ण और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना ही सरकार की प्राथमिकता है। दिलीप जायसवाल गुरूवार को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत पयारी नम्बर 02 में आयोजित विशाल नेत्र शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुश्री भारती केवट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अनूपपुर, जनप्रतिनिधिगण सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### स्वच्छता के लिए किया गया श्रमदान, दिलाई गई स्वच्छता शपथ



**चचाई।** जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत केल्हौरी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता श्रमदान एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता श्रमदान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के के रैकवार ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। श्रमदान कार्यक्रम में लखन लाल साकेत खण्ड पंचायत अधिकारी, निसार खान, जेपी, पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी दिव्या सिंह, जनपद सदस्य पार्वती महरा, सरपंच रामपाल सिंह, पंच अविनाश, चंद्रकांत, सुमित्रा यादव, श्यामलाल, सुनीता यादव, रामजी सोनी, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक यादव, सोमनाथ, रजनीश, विनय, नानदाऊ चौरसिया, चंदन, लखन, बालकरण चौधरी, विजय, महेश, सचिव संजय सिंह परिहार, रोजगार सहायक गोविंद यादव, मोबिलाइजर विद्यावति, शिक्षा विभाग, एनआरएलएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वच्छाग्राही एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता निभाई।

### जिले में 13.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 13.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 15 मिली मीटर, कोतमा में 5 मिली मीटर, बिजुरी में 2.8 मिली मीटर, जैतहरी में 21 मिली मीटर, वेंकटनगर में 4.3 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 22.8 मिली मीटर, अमरकंटक में 33 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 3.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

### पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी अनूपपुर और जिला चिकित्सालय द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आज शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपना रक्तदान किया। शिविर में कुल 20 यूनिट रक्त संग्रहित किए गए। शिविर के अंत में रक्त दाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. परस्ते, एमडी पैथोलॉजिस्ट इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. देवेंद्र कुमार तिवारी, अशोक शर्मा, राजा ताम्रकार आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# शातिर चोर निकले पेट्रोल पंप के युवा 'लुटेरे' 24 घंटे के अंदर पुलिस गिरफ्त में

## कट्टा दिखाकर मेडियारास में पहले भी कर चुके वारदात

25 सितंबर की रात्रि में पुलिस सहायता केन्द्र देवहरा को मोबाइल से सूचना प्राप्त हुई कि एक मोटरसाइकिल में दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा देवहरा पेट्रोल पंप के कर्मचारी के साथ लूटपाट कर धारदार हथियार से गंभीर चोट पहुंचकर भाग गए हैं।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



सूचना मिलते ही देवहरा चौकी प्रभारी रंगनाथ मिश्रा उनकी टीम एवं थाना चचाई पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर आरोपियों की पता तलाश स्थानीय लोगों के साथ शुरू कर दिया गया। एक टीम पेट्रोल पंप कर्मचारी जो जिला अस्पताल अनूपपुर में अज्ञात लुटेरो द्वारा लूटपाट कर गंभीर चोंट पहुंचाई गई थी जिसे इलाज हेतु भर्ती कराया गया था। मौके से जाकर पीड़ति प्रकाश चौधरी पिता दीपक चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी देवहरा से पूछताछ किया गया जिसने बताया कि दो अज्ञात व्यक्ति काले रंग की पल्सर मोटर साइकिल बिना नंबर की में आकर गाली गलौज कर 1600 रु. नकद व दो नग मोबाईल कीमती 35000 रुपए कुल 36600 को लूटपाट करने के बाद हत्या करने की नियत से चाकू से मारकर गंभीर चोट पहुंचाये हैं। रिपोर्ट पर मौके से देहाती नाल्सी अप.क्र.0/25 धारा 296, 309(6), 311, 312, 118 (1),109, 3 (5) बीएनएस एवं 25 (बी) आर्म्स एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त अपराध को असल नंबर पर थाना चचाई के अपराध क्रमांक 256/25 धारा 296, 309(6) 311, 312, 118 (1), 109, 3 (5) बीएनएस. एवं 25 (बी) आर्म्स एक्ट में कायम किया गया।

### दोनों आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ सिंह मरकाम, एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के निर्देशन में तत्काल टीम गठित कर थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस सहायता केन्द्र देवहरा एवं थाना चचाई की पुलिस टीम द्वारा चौकी एवं थाना क्षेत्र में नाकाबंदी करते हुये घटना कारित किये गये दो अज्ञात आरोपियों की पता तलाश कर संदेही अभिषेक राउत (यादव) उर्फ छोटू पिता राजेश्वर राउत (यादव) उम्र 20 वर्ष निवासी भावसिंह नगर थाना कोतवाली कांकेर (छ.ग.) हाल ईटा भट्टा अमलाई एवं अनीस सिंह उर्फ सिद्धार्थ सिंह पिता संतराम सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ईटा भट्टा थाना अमलाई जिला शहडोल को दस्तयाब कर कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना स्वीकार किये।

### पहले लूटे गये सामानों की भी होगी बरामदगी

उपरोक्त दोनो आरोपियों से लूट किये गये नकदी 1600 रु.एवं लूटे गये दो टच स्कीन मोबाईल कीमती 35000 रु. तथा लूट के समय उपयोग किये गये बिना नम्बर के काले रंग के बजाज पल्सर मोटर सायकल कीमती 100000 रु व घटना में प्रयुक्त चाकू तथा इसके अतिरिक्त आरोपीगणों से 04 मंहगे टच स्कीन मोबाईल कीमती लगभग 150000 रु. कुल संपति 286600 रु.का मशरुका जप्त कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं दोनो आरोपियों से पूछताछ करने पर अपने इसी बिना नंबर की काले रंग की पल्सर मोटर सायकल से पिछले वर्ष नवम्बर माह 2024 मे मेडियारास में सुथना नाला के पास कट्टा दिखाकर अनूपपुर तरफ से मोटर सायकल से आ रहे तीन लोगो को उनकी मोटर सायकल रोककर उनसे दो बैग में रखे लगभग सवा लाख रुपये एवं उनके दो टच स्कीन मोबाईल लूट कारित करना बताने पर थाना चचाई के अपराध क्रमांक 213/24 धारा 309 (4)3/5 बीएनएस के मामले में उक्त दोनों आरोपी की गिरफ्तारी सुमार की जाकर न्यायालय मे पेश किया गया है। न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड में लिया जाकर पूर्व में किये लूट के अपराध एवं आरोपियों के पास से मिले चार स्क्रीन टच मोबाइल एवं मोटरसाइकिल के बारे में विस्तृत पूछताछ कर पूर्व में लूटे गए सामान की बरामदगी का प्रयास किया जाएगा। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चचाई सुंदेश सिंह मरावी, पुलिस चौकी प्रभारी रंगनाथ मिश्रा, महिपाल प्रजापति, धर्मेन्द्र महोबिया, प्यारेलाल सिंह, राजाराम दाहिया, उमेश केवट, विकास दहायत, सत्यम गौतम, सचिन गोड़, संतोष सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गांजा के खिलाफ जैतहरी पुलिस की दूसरी रेड कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** जैतहरी पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान खोली फाटक रेलवे स्टेशन के किनारे बलबहरा रोड के पास पुलिस को देखकर एक मोटरसाईकल मे सवार दो व्यक्ति जो कि जैतहरी तरफ आ रहे थे पुलिस की गाडी देखकर मोटरसाईकल घुमाकर तेजी से वापस भागने लगे, संदेह होने पर उक्त संदेहीयो को घेरा बंदी कर पकडकर नाम पूंछा गया जो अपना नाम गोविंदनारायण शुक्ला पिता शिव नारायण शुक्ला उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम गोरसी थाना जैतहरी एवं मोटर सायकल चालक अपना नाम अजय कुमार उपाध्याय पिता लक्ष्मण उपाध्याय उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम कोलमी थाना भालूमाडा अनूपपुर का होना बताये जिनकी तलाशी लेने पर एक मटमेले रंग के झोला मे रखे 04 पैकेट पोलीथीन के अंदर कुल 4.102 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 32000 रू का मिला। आरोपियों गोविंद नारायण शुक्ला एवं अजय कुमार उपाध्याय का उक्त कृत्य एक्ट के तहत पाया जाने से कब्जे से 4.102 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा किमती 32000 रू 01 नग मोटरसाईकल कीमती 50000, 02 नग मोबाईल कीमती 20000 कुल जप्त मशरूका 1,02,000 रुपए का विधिवत कार्यवाही कर जप्त किया गया एवं आरोपियो के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। उक्त कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनूपपुर के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी जैतहरी निरी. अमर वर्मा, उनि. यू एन मिश्रा, सउनि. विनोद विश्वकर्मा, प्रआर. श्याम शुक्ला, संतोष जायसवाल, आर. मनीष सिंह तोमर, नरेन्द्र जाट की भूमिका रही।

# मरवाही में पेट्रोल पंप कारोबारी से 1.59 करोड़ की ठगी, फर्जी दस्तावेज बनाकर दिया धोखा

## मोजर वेयर जैतहरी में कोयला और रेत का ठेका दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मोजर वेयर जैतहरी में रेत सप्लाई का टेंडर दिलाने के नाम पर कुट रचित दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी करते हुए चार आरोपियों नरेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ कार्तिक पिता शिव नारायण शर्मा उर्फ प्रमोद, संतोष सिंह निवासी जैतहरी, अरविंद विश्वकर्मा उर्फ चोगले, विकास सिंह वा अन्य ने अमित फ्यूल्स पेट्रोल पंप संचालक अमित कुमार गुप्ता निवासी मरवाही के वार्ड 11 से 1 करोड़ 59 लाख 60 हजार रूपयें की ठगी करने के मामले में मरवाही पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 328 (4), 338, 340(2), 336(4), 61(2) (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी नरेन्द्र कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर अन्य की तलाश जारी है। इसके पूर्व भी मोजर वेयर जैतहरी में कोयला सप्लाई का काम दिलाने के नाम पर कमलेश द्विवेदी निवासी अनूपपुर के साथ 55 लाख 97 हजार 530 रूपये की धोखाधड़ी करने के मामले में कोतवाली पुलिस अनूपपुर ने 24 जुलाई 2019 को तह टक क 7658-264242, उंपसः मनरेन्द्र कुमार शर्मा, सिद्वार्थ सिंह एवं संतोष सिंह के खिलाफ धारा 406, 420, 467, 468 एवं 471 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### यह है मामला

जानकारी के अनुसार नरेन्द्र सिंह एवं संतोष सिंह द्वारा मिलकर मोजर वेयर में रेत वा कोयला का टेंडर दिलाने के नाम पर पहले लोगो को अपने झांसे में फंसा कर उनके साथ करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी की जाती है। नये मामले में उक्त दोनो आरोपी द्वारा जुलाई 2024 में नरेन्द्र शर्मा पीड़ति के पेट्रोल पंप पर नियमित आने-जाने लगा और पहचान बढ़ाई। इसके बाद उसने संतोष सिंह (गंगा पेट्रोल पंप संचालक जैतहरी) और अरविंद विश्वकर्मा उर्फ चोगले से मिलवाया। सभी आरोपियों ने अमित गुप्ता को भरोसा दिलाया कि मोजरवियर पावर प्लांट जैतहरी में रेत सप्लाई का बड़ा ठेका (कॉन्ट्रैक्ट) है, जिसे दिलाने में वे मदद करेंगे। जिसके बाद सभी आरोपियों ने फरियादी अमित कुमार गुप्ता से आधार, पैन, बैंक डिटेल्स और फोटो लेकर उनके नाम पर फर्जी पर्चेस ऑर्डर तैयार किया गया। इसके बाद रेत सप्लाई, रॉयल्टी और ट्रांसपोर्टेशन के नाम पर अलग-



अलग तारीखों में पीड़ति से 1.59 करोड़ रुपये से अधिक की रकम वसूली गई।

### फर्जी चेक और नकली टीपी भी दिए

फरियादी अमित कुमार गुप्ता के अनुसार भुगतान के दबाव पर आरोपियों ने गारंटी के रूप में करोड़ों रुपये के कई चेक दिए, लेकिन सभी चेक बाउंस हो गए। इतना ही नहीं आरोपियों ने झूठे ट्रांस्पोर्ट परमिट और रॉयल्टी पर्चियां व्हाट्सएप पर भेजकर यह दिखाया कि रेत की सप्लाई शुरू हो गई है। इसी तरह से वर्ष 2019 मनरेन्द्र कुमार शर्मा एवं संतोष सिंह ने अनूपपुर निवासी कमलेश द्विवेदी के साथ परसा कोल कोल माइंस अडानी उदयपुर अंबिकापुर से एक हजार रूपये टन के हिसाब से कोयला के डीलर के रूप में चार हजार टन कोयला देना जिसमें कुल 40 लाख तथा कोयला ट्रांस्पोर्ट का भाड़ा 910 रूपये प्रति टन के हिसाब से 36 लाख 40 हजार रूपये बताकर डीओं लेटर एवं कोयला उपलब्ध कराये जाने का झांसा देकर बैंक एवं नगदी के माध्यम से लगभग 56 लाख रूपये हड़पकर धोखाधड़ी की गई थी।

### सच्चाई का खुलासा

जब लंबे समय तक भुगतान नहीं हुआ, तब अमित गुप्ता ने खुद कंपनी कार्यालय में जाकर जानकारी ली। वहाँ से पता चला कि उनके नाम से कभी भी कोई टेंडर या पर्चेस ऑर्डर जारी ही नहीं हुआ था और न ही उनके नाम से किसी भी तरह की रेत सप्लाई की गई। जिसके बाद पीड़ति ने थाना मरवाही में अपने साथ हुए धोखाधड़ी की रिर्पोट दर्ज कराई गई। जिस पर मरवाही पुलिस ने सभी आरोपियों जिनमें नरेन्द्र कुमार शर्मा पिता शिवनारायण शर्मानिवासी लालपुर छ.ग संतोष सिंह निवासी जैतहरी, अरविंद विश्वकर्मा पिता रामकेश विश्वकर्मा एवं विकास सिंह व अन्य के खिलाफ छल, कूटरचना, धोखाधड़ी और आर्थिक अपराध के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## जीएसटी को लेकर सांसद ने दुकानदारों व उपभोक्ताओं से किया संवाद

# आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करेगी जीएसटी



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

भारतीय जनता पार्टी जिला अनूपपुर द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर जिला संगोष्ठी" व "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" पर जिला कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम की अध्यक्षता एवं शहडोल जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमल प्रताप सिंह के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम के पश्चात शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की उपस्थिति में भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने अपनी पूरी टीम के साथ जीएसटी को लेकर केंद्र सरकार द्वारा किए गए बदलाव के विषय में व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं के बीच पहुंचकर संवाद किया और जीएसटी से अब होने वाले हर वर्ग को फायदे के बारे में बताया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि 25 सितंबर 2025 को भाजपा कार्यालय अनूपपुर में दो सत्र में कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसमे पहला पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर" जिला संगोष्ठी" तथा दूसरे सत्र में "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" पर जिला कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला पदाधिकारियो का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा कार्यक्रम के पश्चात शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा अनूपपुर बस स्टैंड में जीएसटी रिफॉर्म के अंतर्गत हाथों में तख्तियां लेकर रैली निकाली व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी में की गई कटौती पर कई दुकादारो व ग्राहकों से मिलकर मिलने वाले लाभों को लेकर संवाद किया तथा मोदी सरकार की नीतियों के बारे में समझाया।

### यह है प्रधानमंत्री का लक्ष्य

भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर कहा कि हम एक विचारधारा से जुड़े है माँ भारती को परम वैभव पर पहुचाना है इसी लक्ष्य को लेकर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। हम सभी को मिलकर सेवा पखवाड़ा, जीएसटी रिफॉर्म, सांसद खेलकूद स्पर्धा व आत्मनिर्भर भारत जो 25 सितम्बर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से 25 दिसम्बर पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती तक मनाना है तथा सभी कार्यक्रमो को जमीनी स्तर पर उतारने का आवाहन किया है। श्याम ने कहा कि हमारे जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है हमें उन्हें चिन्हित कर आगे लाने की आवश्यकता है और उन्हें एक प्लेटफार्म देने की जरूरत है।

### भारत के संकल्प को पूरा करेगी जीएसटी

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने अनूपपुर बस स्टैंड में व्यापारियों, उपभोक्ताओं, किसनो तथा अन्य सभी वर्गों के लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जीएसटी रिफॉर्म न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति देगा बल्कि अन्नदाता किसानों, उद्योग जगत और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाकर 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को वास्तविकता में बदलने में भी मदद करेगा। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक जितेंद्र सोनी सहसंयोजक सिद्धार्थ शिव सिंह श्याम नारायण शुक्ला रवि राठौर जितेंद्र भट्ट उपस्थित रहे।

# कोलकर्मियों को त्यौहार पर सौगात मिलेगा 1.03 लाख बोनस

## जेबीसीसीआई-11 की मानकीकरण समिति की छठी बैठक में फैसला

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

एसईसीएल समेत कोल इंडिया की सभी अनुषंगी इकाइयों में कार्यरत करीब 2.25 लाख कर्मियों को एक लाख तीन हजार रुपये परफॉर्मेंस लिंक रिवॉर्ड (पीएलआर) या बोनस मिलेगा। गुरुवार को कोलकाता में हुई कोल इंडिया मानकीकरण समिति की छठी बैठक में देर रात इस पर सहमति बनी। इससे पहले रात लगभग 11.30 बजे छह घंटे की बैठक के बाद यूनियन नेता बैठक का बहिष्कार कर बाहर निकल गये थे। यूनियन नेता कर्मियों के लिए 1.30 लाख रुपये बोनस की मांग कर रहे थे और प्रबंधन 98 हजार रुपये से आगे नहीं बढ़ रहा था। बैठक के बहिष्कार के बाद प्रबंधन ने फिर से यूनियन नेताओं से बात की और पुनः बैठक शुरू हुई। अंततः 1.03 लाख रुपये बोनस पर बात बन गयी. बीते साल कोयलाकर्मियों को 93,750 रुपये बोनस में मिले थे। गुरुवार की बैठक में प्रबंधन की और से एमसीएल के सीएमडी उदय ए काले, कोल इंडिया के निदेशक एचआर विनय रंजन, एमसीएल के निदेशक एचआर केशव राव, सीसीएल के निदेशक एचआर हर्ष नाथ मिश्र, सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी मौजूद रहे। इसमें बीसीसीएल के निदेशक एचआर मुरली कृष्ण रमैया, एसइसीएल के निदेशक एचआर बिरंची दास, इसीएल के निदेशक एचआर गुंजन कुमार सिन्हा, डब्ल्यूसीएल के निदेशक एचआर हेमंत शंकर पांडेय और एससीसीएल के निदेशक गौतम पोत्रू को भी शामिल होना था। यूनियन की ओर से बीएमएस से सुधीर गुर्डे व सुजीत सिंह, एचएमएस से शिवकांत पांडेय व शिवकुमार यादव, एटक से रमेंद्र कुमार और सीटू से डीडी रामानंदन, इंडियन माइन वर्कर फेडरेशन के अध्यक्ष अनूप सिंह और महासचिव एसक्यू जमा शामिल थे। वैकल्पिक सदस्य के रूप में बीएमएस से टीएस पवन कुमार, एचएमएस से रिजाय अहमद, एटक से हरिद्वार सिंह व सीटू से आरपी सिंह मौजूद रहे. 22 की बैठक हो गयी थी स्थगित बोनस तय करने के लिए कोल इंडिया मानकीकरण समिति की बैठक 22 सितंबर को दिल्ली में होनी थी। इससे पूर्व कोलकाता हाइकोर्ट ने इंडियन माइन वर्कर फेडरेशन के प्रतिनिधियों को भी शामिल करने का आदेश दिया था।

### मीटिंग शुरू होते ही रखी डेढ़ लाख की मांग

बोनस पर चर्चा शुरू होने के साथ यूनियनों ने 1.5 लाख रुपये की मांग रखी। वहीं प्रबंधन ने 90,800 रुपये देने की बात कही। 7.30 बजे ट्री ब्रेक हुआ। इसके बाद यूनियने 1.15 लाख पर आ गयीं, वहीं प्रबंधन 95 हजार पर आया। बैठक में एचएमएस के शिव कुमार यादव ने कहा कि जिन ठेका श्रमिकों का वेतन 21 हजार से कम है, उन्हें 8.33 फीसदी बोनस दीजिए और जिन ठेका श्रमिकों का वेतन 21 हजार से ज्यादा है, उनको 8.33 पीएलआइ स्कीम के तहत बोनस दीजिए। इससे पूर्व कोल इंडिया प्रबंधन ने मीटिंग में वित्तीय वर्ष 2024-25 का परफॉर्मेंस प्रस्तुत किया, सीटू ने कहा कि सीआइएल ने जो डेचिर्डेंट पेमेंट किया है, उसकी आधी रकम बोनस के रूप में दी जाये। एसईसीएल की मध्यप्रदेश में संचालित कोयला खदानों में शहडोल संभाग के शहडोल उमरिया, अनूपपुर जिलो मे एसईसीएल कोयला कंपनी द्वारा कोयला उत्पादन का कार्य किया जाता है। जिसके अंतर्गत सोहागपुर क्षेत्र, जोहिला क्षेत्र, जमुना कोतमा क्षेत्र, हसदेव क्षेत्र के हजारों कोल कर्मियों को इस बार बढ़कर बोनस मिलेगा। यह त्यौहार खुशियों से भरा होगा।